

docs.aglasem.com

अनुक्रमणिका कक्षा - 6

सीखने के प्रतिफल **5**

अपनी संख्याओं की जानकारी 7

पूर्ण संख्याएँ 10

संख्याओं के साथ खेलना 12

आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएं 14

प्रारम्भिक आकारों को समझना.....17

पूर्णांक 19

भिन्न.....21

दशमलव.....25

आंकड़ों का प्रबंधन.....28

क्षेत्रमिति 32

बीजगणित.....34

अनुपात और समानुपात.....37

सममिति 40

प्रायोगिक जयामिति 44

मौखिक आकलन व असाइनमेंट

अपनी संख्याओं की जानकारी 47

पूर्ण संख्याएँ 47

संख्याओं के साथ खेलना 48

आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएं 48

प्रारम्भिक आकारों को समझना.....49

पूर्णांक 50

भिन्न.....50

दशमलव.....51

आंकड़ों का प्रबंधन.....51

क्षेत्रमिति 52

बीजगणित.....52

अनुपात और समानुपात.....53

सममिति 54

प्रायोगिक जयामिति.....54

docs.aglasem.com

aglasem.com

सीखने के प्रतिफल

क्रम संख्या	कोड	सीखने के प्रतिफल
		बच्चे -
1	M601	बड़ी संख्याओं से सम्बन्धित समस्याओं को उचित संक्रियाओं (जोड़, घटा, गुणन, भाग) के प्रयोग द्वारा हल करते हैं।
2	M602	पैटर्न के आधार पर संख्याओं को सम, विषम, अभाज्य संख्या, सह अभाज्य संख्या आदि के रूप में वर्गीकरण कर पहचानते हैं।
3	M603	विशेष स्थिति में महत्तम समापवर्तक व लघुत्तम समापवर्तक का उपयोग करते हैं।
4	M604	पूर्णांकों के जोड़ तथा घटा से सम्बन्धित समस्याओं को हल करते हैं।
5	M605	पैसा, लम्बाई, तापमान आदि से सम्बन्धित स्थितियों में भिन्न तथा दशमलव का प्रयोग करते हैं, जैसे - $7\frac{1}{2}$ मीटर कपड़ा, दो स्थानों के बीच की दूरी 112.5 किलोमीटर आदि।
6	M606	दैनिक जीवन की समस्याओं, जिनमें भिन्न तथा दशमलव का जोड़/घटा हो, को हल करते हैं।
7	M607	किसी स्थिति के सामान्यीकरण हेतु चर राशि का विभिन्न संक्रियाओं के साथ प्रयोग करते हैं, जैसे - किसी आयत का परिमाप जिसकी भुजाएँ x इकाई तथा 3 इकाई हैं, 2(x+3) इकाई होगा।
8	M608	अलग-अलग स्थितियों में अनुपात का प्रयोग कर विभिन्न राशियों की तुलना करते हैं, जैसे - किसी विशेष कक्षा में लड़कियों एवम् लड़कों का अनुपात 3:2 है।
9	M609	एकक विधि का प्रयोग विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए करते हैं, जैसे - यदि 1 दर्जन कॉपियों की कीमत दी गई हो तो 7 कॉपियों की कीमत ज्ञात करने हेतु पहले 1 कॉपी की कीमत ज्ञात करते हैं।
10	M610	जयामितीय अवधारणाओं, जैसे - रेखा, रेखाखण्ड, खुली एवम् बंद आकृतियों, कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त आदि का अपने परिवेश के उदाहरणों द्वारा वर्णन करते हैं।
11	M611	कोणों की समझ को निम्नानुसार व्यक्त करते हैं - - अपने परिवेश में कोणों के उदाहरण की पहचान करते हैं। - कोणों को उनके माप के आधार पर वर्गीकृत करते हैं। - 45°, 90°, 180° को संदर्भ कोण के रूप में लेकर अन्य कोणों के माप का अनुमान लगाते हैं।
12	M612	रैखिक सममिति के बारे में अपनी समझ निम्नानुसार व्यक्त करते हैं - - द्वि-आयामी (2D) आकृतियों में, वह सममित आकृतियाँ पहचानते हैं जिनमें एक या अधिक सममित रेखाएँ हैं। - सममित द्वि-आयामी (2D) आकृतियों की रचना करते हैं।
13	M613	त्रिभुजों को उनके कोण तथा भुजाओं के आधार पर वर्गीकृत करते हैं, जैसे - भुजाओं के आधार पर विषमबाहु त्रिभुज, समद्विबाहु त्रिभुज, समबाहु त्रिभुज आदि।

docs.aglasem.com
aglasem.com

क्रम संख्या	कोड	सीखने के प्रतिफल
14	M614	चतुर्भुजों को उनके कोण तथा भुजाओं के आधार पर विभिन्न समूहों में वर्गीकृत करते हैं।
15	M615	अपने परिवेश में स्थित विभिन्न 3D वस्तुओं की पहचान करते हैं, जैसे - गोला, घन, घनाभ, बेलन, शंकु आदि।
16	M616	3D वस्तुओं/आकृतियों के किनारे, शीर्ष, फलक का वर्णन कर उदाहरण देते हैं।
17	M617	आयताकार वस्तुओं का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करते हैं, जैसे - कक्षा का फ़र्श, चॉक के डब्बे की उपरी सतह का परिमाप तथा क्षेत्रफल।
18	M618	दी गई/संकलित की गई सूचना को सारणी, चित्रालेख, दंड आलेख के रूप में प्रदर्शित कर व्यवस्थित करते हैं और उसकी व्याख्या करते हैं, जैसे - विगत छह माह में किसी परिवार के विभिन्न सामग्रियों पर हुए खर्च को।

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 1

अपनी संख्याओं की जानकारी

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या सबसे बड़ी है - 4536, 4892, 4370, 4452
   क) 4370 ख) 4452 ग) 4536 घ) 4892
2. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या सबसे छोटी है - 15623, 15073, 15189, 15800
   क) 15800 ख) 15073 ग) 15189 घ) 15623
3. नीचे दी गई संख्याओं में से सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या का युग्म कौन सा है ? **(M601)**
   क) 9999, 124 ख) 12202, 7691 ग) 12202, 124 घ) 12022, 142
4. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्याओं के युग्म में सैंकड़े के स्थान पर एक जैसा अंक है?
   क) 4232, 4341 ख) 5432, 6922 ग) 6524, 7823 घ) 2334, 2340
5. नीचे दी गई संख्याओं के समूह में सही आरोही क्रम छाँटिए -
   क) 9754, 847, 8320, 571 ग) 571, 847, 8320, 9754
   ख) 6524, 7823, 571, 8320 घ) 9754, 8320, 847, 571
6. रोमन अंकों में 95 का मान है-
   क) XCV ख) CXV ग) XVC घ) VXC

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 5 अंकों की सबसे बड़ी संख्या _____ है।
2. 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या _____ है।
3. आरोही क्रम का अर्थ है सबसे _____ से प्रारम्भ करके सबसे _____ तक व्यवस्थित करना।
4. अवरोही क्रम का अर्थ है सबसे _____ से प्रारंभ करके सबसे _____ तक व्यवस्थित करना।
5. 1 किलोमीटर = _____ मीटर।
6. 1 करोड़ = _____ मिलियन।
7. जब चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या में एक जोड़ा जाता है तो वह _____ अंकों की सबसे _____ संख्या बन जाती है। **(M601)**
8. रोमन में 50 को _____ लिखते हैं।

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 1 लाख = 10 दस हज़ार
2. 100 मिलीग्राम से एक ग्राम बनता है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

3. दो संख्याओं में वही संख्या बड़ी होती है जिसमें अंकों की संख्या अधिक होती है।

4. 3115 का हज़ारों में सन्निकटन 4000 होगा।

5. 99875 पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या है।

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	आरोही क्रम	i) घटता क्रम
2.	अवरोही क्रम	ii) 1 मीटर
3.	100 सेंटीमीटर	iii) 1000 मीटर
4.	1 किलोमीटर	iv) बढ़ता क्रम

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्न में से सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या छाँटें -
   4536, 4892, 4370, 4452

2. आरोही क्रम में लिखिए-
   9801, 253, 751, 36501, 38808

3. अवरोही क्रम में लिखिए-
   1971, 45321, 88715, 92547, 91034

4. 4,5,6,0,7, 8 अंकों का प्रयोग करते हुए छ: अंकों की तीन संख्याएँ बनाइए। **(M601)**

5. चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या में से तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या घटाएँ। **(M601)**

6. हल करें - $(2 + 3)\ 5$

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 6 अंकों की सबसे बड़ी संख्या से प्रारम्भ करते हुए पाँच क्रमागत संख्याएँ अवरोही क्रम में लिखिए।

2. 57630 को प्रसारित रूप में लिखिए। **(M601)**

3. दवाई की गोलियों के एक बक्से में 2,00,000 गोलियाँ हैं, जिनमें प्रत्येक का भार 20 मिलीग्राम है। इस बक्से में रखी सभी गोलियों का कुल भार ग्राम और किलोग्राम में ज्ञात करें। **(M601)**

4. सोहनी और रीता ने लगातार 6 दिन कार्य किया, जिसमें सोहनी ने प्रतिदिन 5 घण्टे कार्य किया और रीता ने 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य किया। तो बताएं, दोनों ने इस सप्ताह में कुल कितने घण्टे कार्य किया ? **(M601)**

5. अंकों 1, 7, 0, 5, 2 का प्रयोग करते हुए (प्रत्येक अंक केवल एक बार) सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या बनाएं तथा उनका अंतर ज्ञात करें। **(M601)**

6. 101×105 कोष्ठकों का प्रयोग और प्रसार करते हुए हल करें। **(M601)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. वर्ष 2001 में जिला बिलासपुर की जनसंख्या 340885 थी। वर्ष 2011 में पता चला कि जनसंख्या में 41071 की वृद्धि हो गई। वर्ष 2011 में इस शहर की जनसंख्या क्या होगी ? **(M601)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

2. हिमाचल प्रदेश में 2016-17 में 48,000 साइकिलें बेची गई तथा वर्ष 2017-18 में 56,300 बेची गई। किस वर्ष अधिक साइकिलें बेची गई और कितनी अधिक बेची गई ? **(M601)**

3. सचिन तेन्दुलकर ने एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय मैचों में 18,426 रन बनाए व टेस्ट मैचों में 15,921 रन बनाए। सचिन ने एक दिवसीय मैचों में कितने अधिक रन बनाए ? **(M601)**

4. एक मशीन औसतन एक दिन में 18,765 पेंच बनाती है। तो वह लीप वर्ष के फरवरी माह में कितने पेंच बनाएगी ? **(M601)**

5. एक गाड़ी एक लीटर पैट्रोल से 20 km चलती है, तो 440 km चलने के लिए कितने पैट्रोल की आवश्यकता होगी ? **(M601)**

6. हम अपने दैनिक जीवन में जोड़, घटाव, गुणा और भाग कहाँ-कहाँ उपयोग करते हैं ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें। **(M601)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 2

पूर्ण संख्याएँ

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. सबसे छोटी पूर्ण संख्या है - **(M602)**
   क) 1 ख) 2 ग) 0 घ) –1

2. निम्न में से कौन सा पैटर्न सम संख्या को नहीं दर्शाता है ? **(M602)**
   क) ⁘ ख) ⁙ ग) ⁙ घ) ⁙

3. 110 का पूर्ववर्ती होगा -
   क) 101 ख) 200 ग)109 घ)111

4. निम्नलिखित में से किससे शून्य प्राप्त नहीं होगा ?
   क) $1 + 0$ ख) 0×0 ग) $0 \div 2$ घ) $10 - \frac{20}{2}$

5. $2 + 3 \times 5 =$ _____ **(M601)**
   क) 17 ख) 25 ग) 23 घ) 10

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 10001 से ठीक पहले आने वाली पूर्ण संख्या _____ है।
2. 70999 के ठीक बाद आने वाली प्राकृत संख्या _____ है।
3. ऐसी पूर्ण संख्या जिसका कोई पूर्ववर्ती नहीं होता वो _____ है।
4. 16 का परवर्ती _____ और पूर्ववर्ती _____ होगा।
5. 100 के बाद _____, _____ और _____लगातार तीन सम संख्याएँ हैं। **(M602)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. सभी प्राकृत संख्याएँ पूर्ण संख्याएँ भी हैं।
2. शून्य सबसे छोटी प्राकृत संख्या है।
3. एक सबसे छोटी पूर्ण संख्या है।
4. तीन अंकों की पूर्ण संख्या का पूर्ववर्ती दो अंक की संख्या कभी नहीं हो सकती है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	सबसे छोटी प्राकृत संख्या	i) 101
2.	सबसे छोटी पूर्ण संख्या	ii) 99
3.	100 का परवर्ती	iii) 1
4.	100 का पूर्ववर्ती	iv) 0

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. प्राकृतिक संख्याओं को परिभाषित कीजिए।
2. जब प्राकृत संख्याओं में शून्य को सम्मिलित किया जाता है, तो वह संख्याएँ क्या कहलाती हैं ? **(M602)**
3. 3795 का पूर्ववर्ती व परवर्ती लिखिए।
4. (3+7) को संख्या रेखा पर जोड़िए।
5. 203 x 1 =_____

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 1 × 7, 1× 8 और 1 × 200 को गुणा करें व यह कौन सा गुण दर्शाता है ? **(M602)**
2. निम्नलिखित संख्याओं के पूर्ववर्ती व परवर्ती लिखें -
   19, 1997, 12000, 49, 100000
3. संख्या रेखा का प्रयोग करके (4 + 5) और (2 + 6) का योग कीजिए।
4. साहचार्य गुण का प्रयोग करते हुए हल करें- **(M601)**
   क) 12 + 18 + 3 ख) 20 × 33 × 5
5. वितरण गुण का प्रयोग करते हुए हल करें – **(M601)**
   क) 23 × 18 ख) 5 × 139 ग) 525 × 1001
6. पूर्ण संख्याओं को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 37 और 73 के बीच में कितनी पूर्ण संख्याएँ हैं ?
2. 5, 0, 9, 2 अंकों का प्रयोग करते हुए (प्रत्येक अंक केवल एक बार) सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या बनाइए एवं उनका अंतर ज्ञात कीजिए। **(M601)**
3. 9, 7 और 0 में एक अंक का दो बार प्रयोग करके चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या बनाइए और प्राप्त संख्या की तीन पूर्ववर्ती प्राकृत संख्याएँ लिखिए। **(M601)**
4. निम्नलिखित अंकों की सहायता से सबसे छोटी सम संख्या बनाएँ - **(M602)**
   1, 4, 5, 0, 3
5. एक दूध वाला ₹40 प्रति लीटर के हिसाब से एक होटल को प्रतिदिन 32 लीटर दूध बेचता है, यदि वह दूध ₹45 प्रतिलीटर के हिसाब से बेचेगा तो उसे प्रतिदिन कितने अधिक ₹ मिलेंगे ? **(M601)**
6. संख्या रेखा का प्रयोग करते हुए मान ज्ञात करें:
   (-3) + 5 + 6 + (-2)

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 3

संख्याओं के साथ खेलना

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित में से कौन सा 5 का गुणज नहीं है -
   क) 10 ख) 12 ग) 15 घ) 45
2. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 12 का गुणनखंड नहीं है -
   क) 2 ख) 4 ग) 8 घ) 12
3. इनमें से कौन-सी सम संख्या नहीं है - **(M602)**
   क) 456 ख) 477 ग) 311 घ) (ख) और (ग) दोनों
4. 5 से छोटी अभाज्य संख्याएँ हैं - **(M602)**
   क) 2, 4 ख) 1, 2 ग) 2, 3 घ) 0,1,2,3,4
5. सबसे छोटी सम संख्या जो अभाज्य है - **(M602)**
   क) 4 ख) 6 ग) 10 घ) 2
6. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या 8 से विभाज्य है ?
   क) 1512 ख) 1001 ग) 1026 घ) 1329

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. जो संख्याएँ 10 से विभाज्य होती हैं उनका इकाई का अंक _____ होता है।
2. सबसे छोटी सह अभाज्य संख्या _____ है।
3. जिन संख्याओं के 2 से अधिक गुणनखंड होते हैं वह _____ संख्याएँ कहलाती हैं।
4. सबसे छोटी दो अंकों की सम संख्या _____ है। **(M602)**
5. _____ एकमात्र सम संख्या है जो अभाज्य है। **(M602)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 2 के अतिरिक्त सभी अभाज्य संख्याएँ विषम हैं। **(M602)**
2. 13 सबसे छोटी दो अंकों की अभाज्य संख्या है। **(M602)**
3. किसी भी विषम संख्या में एक जोड़ने पर सम संख्या प्राप्त होगी। **(M602)**
4. सभी सम संख्याएँ दो की गुणज हैं।
5. दो क्रमागत संख्याएँ सम संख्याएँ हो सकती हैं। **(M602)**
6. संख्या '1' सभी संख्याओं का गुणनखंड है।

docs.aglasem.com

aglasem.com

मिलान करें : - **सीखने के प्रतिफल**

1.	सम संख्याएँ	i) 3	
2.	विषम संख्याएँ	ii) 2,4,6,8	
3.	सम अभाज्य संख्या	iii) 1,3,5,7	
4.	सबसे छोटी अभाज्य विषम संख्या	iv) 2	**(M602)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 4 को हम किन-किन संख्याओं से विभाजित कर सकते हैं?
2. 20 के अभाज्य गुणनखण्ड लिखिए।
3. सबसे छोटी अभाज्य संख्या कौन-सी है ?
4. 4 के प्रथम दस गुणज लिखें।
5. 13 व 17 का म.स.व. (H.C.F.) ज्ञात करें। **(M603)**

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 45, 30 व 36 के सम्भावित गुणनखण्ड लिखिए।
2. 15 व 30 का ल.स.व. (L.C.M.) ज्ञात करें। **(M603)**
3. 16, 38, 28 के अभाज्य गुणनखण्ड लिखिए।
4. 15, 25 व 30 का म.स.व (H.C.F.) ज्ञात करें। **(M603)**
5. 4, 12 व 16 के सार्वगुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।
6. सह अभाज्य संख्याओं को उदाहरण सहित परिभाषित करें।

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 12, 16, 24 और 36 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 7 शेष रहता है। **(M603)**
2. दो टैंकरों में क्रमशः 750 लीटर और 580 लीटर तेल आता है। उस बर्तन की अधिकतम धारिता ज्ञात कीजिए, जो इन दोनों टैंकरों के तेल को पूरा-पूरा माप देगा। **(M603)**
3. 6, 8 और 12 से विभाज्य तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए। **(M603)**
4. 8, 10 और 12 से विभाज्य चार अंकों की सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। **(M603)**
5. 100 से छोटी सात क्रमागत भाज्य संख्याएँ लिखिए जिनके बीच में कोई अभाज्य संख्या नहीं हो। **(M602)**
6. संख्या 17 और 71 अभाज्य संख्याएँ हैं। 100 तक की संख्याओं में ऐसे अन्य सभी युग्म ज्ञात कीजिए। **(M602)**
7. अभाज्य संख्याओं के ऐसे तीन युग्म लिखिए जिनका अंतर 2 हो। **(M602)**
8. विभाज्यता के नियमों का प्रयोग करते हुए पता कीजिए कि निम्नलिखित संख्याओं में से कौन सी संख्याएं 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 11 से विभाज्य है (हाँ/नहीं में उत्तर दें):-

संख्याएँ	विभाज्य है (हाँ/नहीं)								
	2	3	4	5	6	8	9	10	11
i) 6686									
ii) 275									
iii) 990									
iv) 1331									

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 4

आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएं

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दो बिन्दुओं के बीच की न्यूनतम दूरी को क्या कहते हैं ? **(M610)**
   क) रेखा ख) रेखाखण्ड ग) किरण घ) इनमें से कोई नहीं
2. बहुभुज में कम से कम _____ भुजाएँ होती हैं - **(M610)**
   क) 3 ख) 4 ग) 1 घ) 2
3. ऐसी रेखाएँ जो कभी प्रतिच्छेद नहीं करती, वह क्या कहलाती हैं ? **(M610)**
   क) प्रतिच्छेदी रेखाएँ ख) समांतर रेखाएँ ग) वक्र रेखाएँ घ) असमांतर रेखाएँ
4. बहुभुज की कोई दो भुजाएँ जिस उभयनिष्ठ बिंदु पर मिलती हैं उसे कहते हैं - **(M610)**
   क) रेखाखण्ड ख) भुजा ग) शीर्ष घ) किरण
5. चार भुजाओं वाले बहुभुज को कहते हैं - **(M610)**
   क) कोण ख) वृत्त ग) त्रिभुज घ) चतुर्भुज
6. दी गई आकृति _____ दर्शाती है। **(M610)**

   क) रेखा ख) रेखाखण्ड ग) किरण घ) बिन्दु

रिक्त स्थान भरें : - **सीखने के प्रतिफल**

1. _____ रेखाखण्डों से मिलकर बनी बंद आकृति को त्रिभुज कहते हैं। **(M610)**
2. वृत में _____ त्रिज्याएँ होती हैं। **(M610)**

सही या गलत : - **सीखने के प्रतिफल**

1. व्यास को आधा करने पर त्रिज्या मिलती है। **(M610)**
2. प्रतिच्छेदी रेखाएँ एक-दूसरे को काटती हैं। **(M610)**
3. समांतर रेखाएँ एक-दूसरे को काटती हैं। **(M610)**
4. बहुभुज में कम से कम दो भुजाएँ होनी चाहिए। **(M610)**


docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें : - **सीखने के प्रतिफल**


1.	•	i) किरण	
2.	⟷	ii) बिन्दु	
3.	——	iii) रेखा	
4.	⟶	iv) रेखाखण्ड	**(M610)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दो समान्तर रेखाएँ AB और CD खींचिए। **(M610)**
2. संलग्न आकृति में दिए रेखाखण्डों के नाम दीजिए। **(M610)**



3. रूलर की सहायता से एक अधिक कोण ABC बनाइए। **(M610)**
4. दी गई आकृति के सभी शीर्ष लिखें।




लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. रूलर की सहायता से एक त्रिभुज बनाइए। **(M610)**
2. एक वृत खींचिए और उसमें व्यास और केन्द्र दर्शाइए। **(M610)**
3. एक चतुर्भुज बनाएँ और उसका एक विकर्ण खींचिए। **(M610)**
4. PQ और RS दो प्रतिच्छेदी रेखाएँ खींचिए। **(M610)**
5. एक कोण बनाएँ और उसके बहिर्भाग में एक बिन्दु D निरूपित कीजिए। **(M610)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**


1. दिए गए चित्र में रेखा AB कितने बिन्दुओं पर प्रतिच्छेदित कर रही है। उनके नाम लिखें और इस आकृति में बनने वाली किन्हीं तीन किरणों के नाम भी लिखें। **(M610)**



2. दिए गए चित्र में कितने निरूपित बिन्दु और रेखाखण्ड़ हैं ? उनके नाम लिखें। **(M610)**




3. दिए गए चित्र के आधार पर उत्तर दीजिए -



क) आसन्न भुजाएँ
ख) आसन्न कोण
ग) सम्मुख भुजाएँ
घ) सम्मुख कोण
ङ) विकर्ण

4. 4 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए और उसके केंद्र, व्यास और त्रिज्या को दर्शाइए। **(M610)**

5. दिए गए वृत्त के आधार पर उत्तर दीजिए - **(M610)**



क) वृत के केन्द्र का नाम लिखें।
ख) तीन त्रिज्याओं के नाम लिखें।
ग) एक त्रिज्याखण्ड़ का नाम लिखें।
घ) व्यास का नाम लिखें।
ङ) क्या OY, OR के बराबर है ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 5

प्रारम्भिक आकारों को समझना

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. कोणों को किसकी सहायता से मापते हैं -
   क) रूलर ख) परकार ग) चाँदा घ) डिवाइडर

2. संपूर्ण कोण कितने अंश का होता है ? **(M611)**
   क) 360° ख) 420° ग) 180° घ) 90°

3. 180° के कोण को कहते हैं - **(M611)**
   क) ऋजु कोण ख) समकोण ग) अधिक कोण घ) प्रतिवर्ती कोण

4. निम्न में से कौन-सा कोण अधिक कोण है ? **(M611)**
   क) 60° ख) 90° ग) 150° घ) 30°

5. घड़ी का ¼ घूर्णन कितने अंश के कोण को दर्शाता है - **(M611)**
   क) 90° ख) 180° ग) 270° घ) 360°

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. वृत्त का व्यास _____ त्रिज्याओं से मिलकर बना होता है।

2. _____ रेखाएँ एक उभयनिष्ठ बिंदु पर प्रतिच्छेद करती हैं। **(M610)**

3. चार भुजाओं से बनी बंद आकृति को _____ कहते हैं। **(M614)**

4. समबाहु त्रिभुज में सभी भुजाएँ _____ होती हैं। **(M613)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 175° एक अधिक कोण है। **(M611)**

2. समद्विबाहु त्रिभुज में दो भुजाएँ समान होती हैं। **(M613)**

3. समकोण त्रिभुज में दो कोण 90° के होते हैं। **(M613)**

4. संपूर्ण कोण 180° का होता है। **(M611)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. त्रिभुजों के सन्दर्भ में मिलान करें :-

क) समान लंबाई की तीन भुजाएँ	i) समकोण त्रिभुज	
ख) समान लंबाई की दो भुजाएँ	ii) विषमबाहु त्रिभुज	
ग) 3 न्यूनकोण	iii) समद्विबाहु त्रिभुज	
घ) 1 समकोण	iv) समबाहु त्रिभुज	
ङ) अलग-अलग लंबाइयों की सभी भुजाएँ	v) न्यूनकोण त्रिभुज	**(M613)**

2. मिलान करें:

क) शंकु	A) पासा (Dice)	
ख) गोला	B) ज्यामिति बक्स	
ग) बेलन	C) आईसक्रीम कोन	
घ) घनाभ	D) लड्डू	
ङ) घन	E) पानी की पाईप	**(M615)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**


1. रेखाखण्ड किसे कहते हैं ? **(M610)**
2. त्रिभुज कितने रेखाखण्डों से बनता है ? **(M610)**
3. घड़ी के 3/4 घूर्णन में कितने समकोण होते हैं? **(M611)**
4. कितने समकोणों से मिलकर 360° बनता है ? **(M611)**

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. एक त्रिभुज बनाएँ जिसके सभी कोण बराबर हों। भुजाओं के आधार पर इस त्रिभुज का नाम बताएँ। **(M613)**
2. चाँदे की सहायता से 60^0 का कोण खींचिए। **(M611)**
3. त्रिविमीय (ठोस / 3D) आकारों के पाँच उदाहरण दीजिए। **(M615)**
4. घनाभ में कितने फलक, शीर्ष और किनारे होते हैं ? **(M616)**
5. आप एक घूर्णन का कितना भाग घूम जाएँगे, यदि आप उत्तर की ओर मुख किए खड़े हों और घड़ी की दिशा में घूम कर पूर्व की ओर मुख कर लें ? **(M613)**
6. एक ऐसी चतुर्भुज खींचिए, जिसकी आमने-सामने की भुजाएँ बराबर हों और चारों कोण 90° के हों। **(M614)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दिए गए त्रिभुज में कितने रेखाखण्ड़ हैं ? उनके नाम लिखिए।



2. घड़ी की घण्टे वाली सूई कहाँ रुकेगी, यदि वह 10 से प्रारंभ करे और 3 समकोण घूम जाए ? **(M611)**
3. जब घड़ी पर 12 बजते हैं तो घड़ी की सुइयाँ कितने अंश का कोण बनाती है ? चित्र बनाकर दर्शाएँ। **(M611)**
4. एक घन बनाएँ और उसके फलक, शीर्ष, किनारे ज्ञात करें। **(M616)**
5. क्या ऐसे त्रिभुज की रचना संभव है, जिसमें एक समकोण और एक अधिक कोण हो ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दें। **(M613)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 6

पूर्णांक

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 8 का परवर्ती होगा-

   क) 7 ख) 9 ग) 3 घ) 4

2. –3 का पूर्ववर्ती होगा-

   क) –4 ख) 4 ग) 3 घ) –2

3. इनमें से कौन-सी संख्याएँ पूर्णांकों में सम्मिलित नहीं हैं -

   क) परिमेय संख्याएँ ख) शून्य ग) प्राकृत संख्याएँ घ) ऋणात्मक संख्याएँ

4. संख्या रेखा में शून्य के बाईं ओर कौन-सी संख्याएँ होतीं हैं -

   क) धनात्मक संख्याएँ ख) परिमेय संख्याएँ ग) प्राकृत संख्याएँ घ) ऋणात्मक संख्याएँ

5. $6 + (-4) = ?$ **(M604)**

   क) 10 ख) – 2 ग) 2 घ) –10

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. _____ पूर्णांक प्रत्येक _____ पूर्णांकों से छोटे होते हैं।
2. – 4 का योज्य प्रतिलोम _____ होगा। **(M604)**
3. जब दो ऋणात्मक पूर्णांकों का योग किया जाता है तो एक _____ पूर्णांक प्राप्त होता है। **(M604)**
4. –15 –14 = _____ **(M604)**
5. _____ + 15 = 0 **(M604)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. जिन संख्याओं के साथ (–) का चिह्न लगा हो उन्हें ऋणात्मक पूर्णांक कहते हैं। **(M604)**
2. धनात्मक पूर्णांक प्रत्येक ऋणात्मक पूर्णांकों से छोटे होते हैं। **(M604)**
3. शून्य न तो एक धनात्मक पूर्णांक है और न ही एक ऋणात्मक पूर्णांक है। **(M604)**
4. ऋणात्मक पूर्णांक का योज्य प्रतिलोम ऋणात्मक पूर्णांक ही होगा। **(M604)**
5. $(-15) > (-13)$ **(M604)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	12 और –32 का योग	i) –6	
2.	–8 और –3 का व्यवकलन	ii) –2	
3.	8 का योज्य प्रतिलोम	iii) –20	
4.	–5 से बड़ा है	iv) –8	
5.	(–5) – 3 + 2	v) –5	**(M604)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. पूर्णांकों में कौन - कौन सी संख्याएँ सम्मिलित होती है ? **(M604)**
2. +5 को संख्या रेखा पर निरूपित कीजिए। **(M604)**
3. – 8 को संख्या रेखा पर निरूपित कीजिए। **(M604)**
4. 0ºC से 15ºC नीचे के तापमान को किस प्रकार लिखेंगे ? **(M604)**


लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. –5 से बड़े कोई तीन पूर्णांक लिखिए और उन्हें संख्या रेखा पर निरूपित कीजिए। **(M604)**
2. 8 और –2 के बीच के सभी पूर्णांको को लिखिए। **(M604)**
3. संख्या रेखा का प्रयोग किए बिना 10 + (–5) को हल कीजिए। **(M604)**
4. संख्या रेखा का प्रयोग करते हुए वह पूर्णांक ज्ञात कीजिए जो –5 से 6 अधिक है। **(M604)**
5. 8 से 5 कम को संख्या रेखा पर निरूपित कीजिए। **(M604)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. संख्या रेखा का प्रयोग करते हुए (–1) + (–3) + (–4) का योग ज्ञात कीजिए। **(M604)**
2. क्या (–12) + 8 – (–4) = –4 + 8 – (–12) है ? हल करें। **(M604)**
3. 55 + (– 23) + (–16) का मान ज्ञात कीजिए। **(M604)**
4. (–2) + 6 का संख्या रेखा का प्रयोग करते हुए योग ज्ञात कीजिए। **(M604)**
5. –5 और –7 के योज्य प्रतिलोमों का व्यवकलन कीजिए।
6. संख्या रेखा पर निम्न स्थानों को तापमान के आधार पर निरुपित कीजिए :

	तापमान (औसतन तापमान)
शिमला	+ 10ºC
चंडीगढ़	+ 27ºC
श्रीनगर	– 7ºC
लेह	– 15ºC
दिल्ली	+ 30ºC



docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 7

भिन्न

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**


1. $\frac{7}{15}$ में हर कितना है ?

क) 7 ख) 15 ग) 8 घ) 22

2. निम्नलिखित में उचित भिन्न कौन सी है ?

क) $\frac{17}{9}$ ख) $\frac{15}{7}$ ग) $2\frac{1}{3}$ घ) $\frac{4}{11}$

3. छायांकित भाग में से $\frac{2}{4}$ भिन्न छांटिए - **(M606)**




क) ख) ग) घ)

4. 8 घंटे एक दिन की कौन-सी भिन्न है ?

क) $\frac{8}{24}$ ख) $\frac{1}{8}$ ग) $\frac{1}{24}$ घ) $\frac{24}{8}$

5. छायांकित भाग कौन-सी भिन्न है ? **(M606)**



क) $2\frac{1}{2}$ ख) $2\frac{1}{3}$ ग) $2\frac{1}{4}$ घ) $2\frac{1}{5}$

6. $\frac{17}{4}$ की मिश्रित भिन्न कौन-सी है ?

क) $4\frac{2}{4}$ ख) $4\frac{1}{4}$ ग) $4\frac{3}{4}$ घ) $4\frac{2}{5}$

docs.aglasem.com
aglasem.com

7. $10\frac{2}{3}$ कौन-सी विषम भिन्न को दर्शाता है ?

क) $\frac{23}{3}$ ख) $\frac{32}{3}$ ग) $\frac{28}{3}$ घ) $\frac{35}{3}$

8. $\frac{1}{2}$ की तुल्य भिन्न कौन-सी है ?

क) $\frac{3}{6}$ ख) $\frac{2}{5}$ ग) $\frac{3}{9}$ घ) $\frac{6}{8}$

9. $\frac{2}{5}$ की तुल्य भिन्न कौन-सी है जिसका अंश 6 हो ?

क) $\frac{15}{6}$ ख) $\frac{6}{15}$ ग) $\frac{6}{10}$ घ) $\frac{6}{7}$

10. $\frac{16}{72}$ का सरलतम रूप लिखिए : -

क) $\frac{4}{10}$ ख) $\frac{2}{9}$ ग) $\frac{9}{2}$ घ) $\frac{7}{9}$

11. $\frac{1}{18}+\frac{1}{18}$ बराबर है :-

क) $\frac{1}{9}$ ख) $\frac{2}{36}$ ग) $\frac{2}{9}$ घ) $\frac{1}{18}$

12. $\frac{7}{7}-\frac{5}{7}$ बराबर है :-

क) $\frac{4}{7}$ ख) $\frac{2}{7}$ ग) $\frac{3}{7}$ घ) $\frac{5}{7}$

13. $\frac{1}{4}+\frac{0}{4}$ बराबर है :-

क) $\frac{0}{4}$ ख) $\frac{1}{4}$ ग) $\frac{2}{4}$ घ) $\frac{10}{4}$


रिक्त स्थान भरें : - **सीखने के प्रतिफल**

1. $\frac{7}{9}$ में अंश _____ है।

2. $\frac{1}{2}$ और $\frac{1}{4}$ में बड़ी भिन्न _____ है।

3. दो दिन में _____ घंटे होते है।

4. निम्न आकृति में छायांकित भाग _____ भिन्न दर्शाता है। **(M606)**



docs.aglasem.com

aglasem.com

5. $\frac{3}{5}$ की तुल्य भिन्न है, जिसका अंश 9 और हर _____ है।

सही या गलत : - **सीखने के प्रतिफल**

1. भिन्न $\frac{5}{7}$ में 5 अंश तथा 7 भिन्न का हर है।

2. एक उचित भिन्न में अंश, हर से छोटा होता है।

3. $2\frac{1}{3}+\frac{1}{3}=\frac{8}{3}$

4. $\frac{1}{3}>\frac{2}{3}$

5. $\frac{3}{4}$ **व** $\frac{3}{5}$ में से, $\frac{3}{5}$ भिन्न बड़ी है।

मिलान करें : - **सीखने के प्रतिफल**

1. तुल्य भिन्नों का मिलान कीजिए।

1) $\frac{125}{200}$	i) $\frac{2}{3}$
2) $\frac{90}{100}$	ii) $\frac{2}{5}$
3) $\frac{660}{990}$	iii) $\frac{1}{2}$
4) $\frac{90}{180}$	iv) $\frac{5}{8}$
5) $\frac{220}{550}$	v) $\frac{9}{10}$

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. हल कीजिए :- $\frac{2}{3}+\frac{1}{7}$

2. हल कीजिए :- $\frac{5}{6}-\frac{1}{3}$

3. $\frac{5}{6}$ में से $\frac{3}{4}$ को घटाइए।

4. $2\frac{4}{5}$ और $3\frac{5}{6}$ को जोड़िए।

5. राम ने सेब का $\frac{1}{2}$ भाग खाया, तो सेब का कितना भाग शेष बचा है ? **(M606)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

6. $\frac{3}{4}$ की दो तुल्य भिन्न लिखिए।

7. $\frac{10}{63}, \frac{4}{63}, \frac{11}{63}$ को आरोही क्रम में लिखिए।

8. $\frac{1}{8}, \frac{5}{8}, \frac{3}{8}$ को अवरोही क्रम में लिखिए।

9. $5\frac{6}{8}$ को विषम भिन्न में लिखिए।

10. $\frac{20}{6}$ को मिश्रित भिन्न में लिखिए।

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. सरिता ने $\frac{2}{5}$ मी. रिबन ख़रीदा और ललिता ने $\frac{3}{4}$ मी.। तो दोनों ने कुल कितना रिबन ख़रीदा ? **(M606)**

2. $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}+\frac{1}{6}$ को हल कीजिए।

3. रमा 100 पृष्ठों वाली एक पुस्तक के 25 पृष्ठ पढ़ती है और सुनीता इसी पुस्तक का $\frac{1}{2}$ भाग पढ़ती है, तो बताएँ किसने कम पृष्ठ पढ़े ? **(M606)**

4. $\frac{5}{8}$ मी. पाईप के दो टुकड़े हो जाते हैं, इनमें से एक टुकड़ा $\frac{1}{4}$ मी. है तो दूसरे टुकड़े की लम्बाई ज्ञात कीजिए। **(M606)**

5. 12 से 22 तक की प्राकृत संख्याएँ लिखिए और इनमें आने वाली अभाज्य संख्याओं का कुल संख्याओं से भिन्न लिखें ?

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. नीलू ने दोपहर के भोजन में दो चपाती खाई और रात्रि के भोजन में $1\frac{1}{2}$ चपाती खाई। उसने कुल कितनी चपातियां खाईं ? **(M606)**

2. एक आयताकार कागज़ की लंबाई $11\frac{1}{2}$ cm और चौड़ाई $9\frac{2}{3}$ cm है। कागज़ का परिमाप ज्ञात कीजिए। **(M606)**

3. शिल्पा के पास एक केक का $\frac{5}{6}$ भाग था। उसने केक का $\frac{2}{6}$ भाग अपने छोटे भाई को दे दिया। उसके पास कितना केक बचा ? **(M606)**

4. नेहा ने एक तरबूज को सोलह बराबर भागों में बाँटा। उसने सात टुकड़े खा लिए। उसकी सहेली ने चार टुकड़े खा लिए। दोनों ने कुल कितना तरबूज खाया ? नेहा ने अपनी सहेली से कितना अधिक तरबूज खाया और कितना तरबूज शेष बचा ? **(M606)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय 8

दशमलव

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. हल कीजिए : 1.3 + 4.2

   क) 3.2 ख) 5.5 ग) 4.5 घ) 6.7

2. 0.02 + 0.005 + 0.009 =

   क) 0.24 ख) 0.32 ग) 0.034 घ) 0.34

3. ₹ 2-5 पैसे में कितने पैसे होते हैं ?

   क) 25 पैसे ख) 250 पैसे ग) 205 पैसे घ) 215 पैसे

4. 9.32 – 4.50

   क) 3.82 ख) 4.82 ग) 5.92 घ) 6.28

5. 1 से.मी. में कितने मि.मी. होते हैं ?

   क) 100 ख) 10 ग) 1000 घ) 1

6. 2507 में 5 का स्थानीय मान क्या है ?

   क) 5 ख) 50 ग) 500 घ) 5000

7. $30 + 6 + \frac{2}{10}$ को दशमलव रूप में लिखिए - **(M605)**

   क) 36.2 ख) 36.02 ग) 36.01 घ) 36.002

8. 2 दहाई 9 दशांश का दशमलव रूप लिखिए - **(M605)**

   क) 2.95 ख) 2.9 ग) 2.09 घ) 20.9

9. 0.04 का लघु भिन्न रूप क्या हैं ? **(M605)**

   क) $\frac{2}{25}$ ख) $\frac{1}{25}$ ग) $\frac{3}{25}$ घ) $\frac{4}{25}$

10. 700 पैसे में कितने रूपए हैं ?

    क) 7 ख) 17 ग) 70 घ) 700

11. 0.007 + 8.5 + 30.08 =

    क) 30.857 ख) 38.587 ग) 38.875 घ) 38.785

docs.aglasem.com

aglasem.com

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 1 मि.मी. में _____ से.मी. होते हैं।
2. 3.57 + 0 = _____
3. 486 – 39.6 = _____
4. 1 शतांश = _____ **(M605)**
5. 7 दशांश = _____ **(M605)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. दशमलव संख्याओं को संख्या रेखा पर दर्शाया जा सकता है।
2. 4 मि.मी. को दशमलव का प्रयोग करके से.मी. में नहीं लिख सकते हैं। **(M605)**
3. $\frac{1}{100}$ को दशांश कहते हैं।
4. 5 मि.मी, 0.5 से. मी. के बराबर होता है। **(M605)**
5. 111 पैसे ₹ 11.1 के बराबर होते हैं। **(M605)**

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	3 दहाई और 8 दशांश	i) 320.90	
2.	छत्तीस और सात शतांश	ii) 30.8	
3.	$300 + 20 + \frac{9}{100}$	iii) 36.07	
4.	$300 + 20 + \frac{9}{10}$	iv) 320.09	**(M605)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 2 इकाइयाँ 5 दशांश को दशमलव रूप में लिखिए। **(M605)**
2. $\frac{4}{1000}$ को दशमलव रूप में लिखिए। **(M605)**
3. $200 + 60 + 5 + \frac{1}{10}$ को दशमलव रूप में व्यक्त करो। **(M605)**
4. 30 मी. मी. को दशमलव का प्रयोग करके से. मी. में लिखिए। **(M605)**
5. तीन सौ छ: और सात शतांश को दशमलव रूप में लिखिए। **(M605)**
6. ₹ 20.75 में से ₹ 18.25 घटाइए। **(M606)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. समीर के पास ₹ 20 हैं उनमें से उसने ₹ 11.50 की एक आइसक्रीम खरीदी तो समीर के पास कितनी राशि शेष बची ? **(M606)**
2. अंकुश ने ₹ 35.75 में गणित की और ₹ 32.60 में विज्ञान की पुस्तक ख़रीदी। अंकुश द्वारा खर्च किया गया कुल धन ज्ञात कीजिए। **(M606)**
3. हल कीजिए :- 27.076 + 0.55 + 0.004
4. अमन अपने कमरे की लंबाई माप रहा है। उसने देखा कि उसके कमरे की लंबाई 4 मी. और 26 से.मी. है। इन लंबाइयों को मीटर में लिखो। **(M606)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. रानी 4 कि. ग्रा. 300 ग्राम वजन का एक तरबूज खरीदती है। उसमें से 3 कि. ग्रा. 910 ग्राम उसने अपने पड़ोसी को दे दिया। रानी के पास कितना तरबूज बचा ? **(M606)**
2. चमन ने 5 मीटर कपड़ा ₹ 75.50 में खरीदा और ₹ 4.50 प्रति मीटर दर से 3 मीटर रस्सी खरीदी। उसने कुल कितने ₹ खर्च किए ? **(M606)**
3. रीता ने ₹ 15.50 का एक पेन खरीदा और ₹ 13.50 की एक पेंसिल खरीदी। उसने कुल कितने ₹ खर्च किए ? **(M606)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 9

आँकड़ों का प्रबंधन

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. मिलान चिह्नों में 5 को दर्शाया जाता है -

   क) ।।।।। ख) 𝍸 ग) ।।।। घ) 𝍸।

2. यदि 🖐 चिह्न 10 व्यक्तियों को दर्शाता है तो 🖐🖐🖐 चिह्न कितने व्यक्तियों को दर्शाएगा ?

   क) 10 ख) 30 ग) 40 घ) 20

रिक्त स्थान भरें : - **सीखने के प्रतिफल**

1. जब आँकड़ों को चित्र द्वारा दर्शाया जाता है तो उसे _____ कहते हैं। **(M618)**
2. _____ में आँकड़ों को क्षैतिज व ऊर्ध्वाधर रूप से दर्शाया जाता है। **(M618)**
3. मिलान चिह्न में तीन मदों / आँकड़ों को ____ प्रकार से लिखा जाएगा।
4. यदि आँकड़ें हज़ारों की गणना में दिए गये हों तो उन्हें ____ इकाई के बराबर लिखा जा सकता है।

सही या गलत : - **सीखने के प्रतिफल**

1. आँकड़ें संख्याओं में दी गई जानकारी होते हैं।
2. आंकड़ों द्वारा लेन-देन किया जाता है।
3. आँकड़ें संख्याओं के वे संग्रह हैं जो कुछ सूचनाएं देने के लिए एकत्रित किये जाते हैं।
4. आँकड़ें व्यापार करने के लिए सहायक होते हैं।
5. आँकड़ें से विशेष सूचना तुरंत प्राप्त करने के लिए, उन्हें मिलान चिह्नों द्वारा सारणी में प्रस्तुत किया जाता है।

मिलान करें : - **सीखने के प्रतिफल**

1.	3	𝍸
2.	10	।।।
3.	5	𝍸 𝍸
4.	12	𝍸 𝍸 ।।

docs.aglasem.com

aglasem.com

अति लघु प्रश्न : **सीखने के प्रतिफल**


1. कक्षा VI के 30 विद्यार्थियों की मिठाईयों की पसंद निम्नलिखित है :- **(M618)**

लड्डू , बरफी, लड्डू , जलेबी, लड्डू, रसगुल्ला , जलेबी, लड्डू , बरफी, रसगुल्ला , लड्डू , जलेबी , जलेबी , रसगुल्ला, लड्डू, रसगुल्ला, जलेबी, लड्डू , रसगुल्ला, लड्डू , बरफी, रसगुल्ला, रसगुल्ला , जलेबी , रसगुल्ला , लड्डू , रसगुल्ला , जलेबी, लड्डू, लड्डू।

क) मिठाईयों के इन नामों को मिलान चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक सारणी में व्यवस्थित कीजिए।

ख) कौन-सी मिठाई विद्यार्थियों द्वारा अधिक पसंद की गई ?

2. किसी स्कूल की एक विशेष कक्षा के निम्नलिखित दंड आलेख को पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **(M618)**



क) इस आलेख का पैमाना क्या है ?

ख) प्रत्येक वर्ष स्कूल में कितने नए विद्यार्थी प्रवेश पाते हैं ?

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. किसी सप्ताह के विभिन्न दिनों में बिजली के बल्बों की बिक्री नीचे दर्शाई गई है – **(M618)**

दिन	बिजली के बल्बों की संख्या	= 5 बल्ब
सोमवार		
मंगलवार		
बुधवार		
वीरवार		
शुक्रवार		
शनिवार		
रविवार		

चित्रालेख को देखिए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

क) रविवार को कितने बल्ब बेचे गए ?

ख) किस दिन बेचे गए बल्बों की संख्या न्यूनतम थी ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

ग) यदि एक बल्ब ₹ 10 में बेचा गया हो तो रविवार को कुल कितनी बिक्री हुई ?

घ) क्या पूरे सप्ताह की कुल बिक्री ज्ञात कर सकते हैं ?

ङ) यदि एक बड़े डिब्बे में 15 बल्ब आ सकते हैं, तो इस सप्ताह कितने डिब्बों की आवश्कता पड़ी ?

2. 5 गाँव में घरों की कुल संख्या इस प्रकार है – **(M618)**

गाँव A : 80
गाँव B : 120
गाँव C : 90
गाँव D : 40
गाँव E : 60

⊗ संकेत का प्रयोग करके जो 10 घरों को निरुपित करता है, इन घरों का एक चित्रालेख बनाइए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क) गाँव E के घरों को कितने संकेत निरुपित करते हैं ?


ख) किस गाँव में घरों की संख्या अधिकतम है ?

ग) किस गाँव में अधिक घर हैं : गाँव A या गाँव C में ?

3. किसी सप्ताह में, एक कक्षा के 40 विद्यार्थियों की उपस्थिति निम्नलिखित है। इसे दण्डआलेख द्वारा निरुपित कीजिए। **(M618)**

दिन	उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या
सोमवार	36
मंगलवार	38
बुधवार	34
बृहस्पतिवार	40
शुक्रवार	35
शनिवार	28

4. नीचे दिया हुआ दंड आलेख वर्ष 2012 – 2016 में सरकार द्वारा खरीदे गए चावल की मात्रा दर्शाता है - **(M618)**



इस दंड आलेख को पढ़िए और अपने प्रेक्षणों को लिखिए।

क) किस वर्ष में चावल का अधिकतम उत्पादन हुआ ?

ख) किस वर्ष में चावल का न्यूनतम उत्पादन हुआ ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

5. छ: क्रमागत दिनों में किसी दुकानदार द्वारा बेची गई गणित की पुस्तकों की संख्या नीचे दी गई है : **(M618)**

दिन	बेचीं गई पुस्तकों की संख्या
रविवार	65
सोमवार	40
मंगलवार	30
बुधवार	50
बृहस्पतिवार	20
शुक्रवार	70
शनिवार	15

अपनी पसंद का पैमाना चुनते हुए, उपरोक्त सूचना के लिए एक दंड आलेख खींचिए।

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. जून महीने के एक सप्ताह में 30 विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में अनुपस्थित रहने की संख्या चित्रलेखन द्वारा दर्शाई गई है। **(M618)**

☆ = 1 अनुपस्थित

सोमवार ☆☆☆☆☆
मंगलवार ☆☆☆
बुधवार
वीरवार ☆
शुक्रवार ☆☆☆☆
शनिवार ☆☆☆☆☆☆☆

क) किस दिन सारे विद्यार्थी उपस्थित थे ?
ख) किस दिन सबसे ज्यादा विद्यार्थी अनुपस्थित थे ?
ग) सप्ताह की कुल अनुपस्थिति कितनी रही ?
घ) किस दिन केवल 29 विद्यार्थी उपस्थित थे ?
ङ) यदि मंगलवार के दिन 3 विद्यार्थी अनुपस्थित थे तो उस दिन उपस्थित विद्यार्थी कितने रहे होंगे ?
च) सोमवार के दिन कितने विद्यार्थी अनुपस्थित थे ?

2. किसी शहर के व्यक्तियों की संख्या विभिन्न आयु समूहों में क्रमानुसार नीचे सारणी में दी हुई है : **(M618)**

आयु समूह (वर्षों में)	1-14	15-29	30-44	45-59	60-74	75 और उससे ऊपर
व्यक्तियों की संख्या	1 लाख	1 लाख 80 हज़ार	1 लाख 20 हज़ार	1 लाख 20 हज़ार	1 लाख 10 हज़ार	10 हज़ार

इन आँकड़ों को एक दंड आलेख द्वारा निरुपित कीजिए (1 इकाई लम्बाई = 1 हज़ार लीजिए)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) किन दो आयु समूहों में जनसंख्या बराबर है ?
ख) 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक कहलाते हैं। इस शहर में कितने वरिष्ठ नागरिक हैं ?
ग) 15-29 आयु समूह व 60-74 आयु समूह की जनसंख्या में अन्तर ज्ञात करो।

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 10

क्षेत्रमिति

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. किसी आयत की लंबाई, चौड़ाई क्रमशः 10 cm, 15 cm है, तो उसके परिमाप की मात्रक इकाई होगी -
   क) Km ख) cm ग) cm^2 घ) m
2. आयत के क्षेत्रफल का सूत्र होता है - **(M617)**
   क) लम्बाई + चौड़ाई ख) लम्बाई × चौड़ाई ग) 2× (लम्बाई + चौड़ाई) घ) लम्बाई × लम्बाई
3. एक वर्ग की भुजा 5 cm है तो उसका क्षेत्रफ़ल होगा - **(M617)**
   क) 25 वर्ग से.मी. ख) 10 वर्ग से.मी. ग) 20 से.मी. घ) 20 वर्ग से.मी.
4. किसी वर्ग की एक भुजा 15 m है तो उसके क्षेत्रफल की मात्रक इकाई होगी -
   क) m^2 ख) m ग) cm घ) cm^2

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. समबाहु त्रिभुज का परिमाप = _____ ।
2. आकृतियों द्वारा घेरे गए तल के परिमाण को उसका _____ कहते हैं।
3. किसी आकृति के चारों ओर के माप को उसका _____ कहते हैं।
4. वर्ग का परिमाप = 4 × (_____) **(M617)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. वर्गांकित पेपर द्वारा क्षेत्रफ़ल ज्ञात करते समय जिन वर्गों का आधे से कम भाग आकृति से घिरा हो उन्हें पूरा वर्ग गिना जाता है। **(M617)**
2. यदि किसी वर्ग का आधा भाग आकृति से घिरा हो तो उसके क्षेत्रफल को $\frac{1}{2}$ वर्ग इकाई लेते हैं। **(M617)**
3. समपंचभुज का परिमाप = 6 × भुजा।
4. बन्द आकृतियों द्वारा घेरे गए स्थान को उसका क्षेत्रफल कहते हैं।
5. वर्ग का क्षेत्रफल = 4 × भुजा होता है। **(M617)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	क्षेत्रफल की मात्रक इकाई	i) 2 × (लंबाई + चौड़ाई)
2.	परिमाप की मात्रक इकाई	ii) भुजा × भुजा
3.	आयत का परिमाप	iii) m^2
4.	वर्ग का क्षेत्रफल	iv) m **(M617)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. एक त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए जिसकी भुजाएँ 12 cm, 15 cm और 16 cm है।
2. एक आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 12 cm और 8 cm है। उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(M617)**
3. एक वर्ग की एक भुजा 4cm है तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(M617)**
4. एक समषटभुज की भुजा की लम्बाई 6 cm है। उसका परिमाप ज्ञात कीजिए।
5. एक आयत की लंबाई 10 m और चौड़ाई 7 m है तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए। **(M617)**

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. एक रिबन के टुकड़े की लम्बाई 42 cm है। यदि उस रिबन से एक समषटभुज बनाई जाती है, तो प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी होंगी ?
2. एक वर्गाकार गत्ते का क्षेत्रफल 81 वर्ग cm है। उसकी प्रत्येक भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए ? **(M617)**
3. एक वर्ग का परिमाप 12m है तो उसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई ज्ञात करें। **(M617)**
4. एक समद्विबाहु त्रिभुज की प्रत्येक समान भुजा 8 cm तथा तीसरी भुजा 6 cm है, तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए।
5. एक आयत का क्षेत्रफल 24 वर्ग मीटर है और उसकी एक लम्बाई 6 m है तो उसकी चौड़ाई ज्ञात करें। **(M617)**
6. एक आयत का क्षेत्रफल 42 वर्ग मीटर है और उसकी चौड़ाई 700 cm है तो उसकी लंबाई ज्ञात करें। **(M617)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 2 मीटर 35 सेंटीमीटर लंबाई और 1 मीटर 65 सेंटीमीटर चौड़ाई वाले कपड़े का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(M617)**
2. 12 मीटर लम्बाई और 5 मीटर चौड़ाई वाली एक दीवार पर ₹ 25 प्रति वर्ग मीटर की दर से पेंट करने का व्यय ज्ञात कीजिए। **(M617)**
3. 5 मीटर लम्बाई और 4 मीटर चौड़ाई वाले एक आयताकार भूखंड पर 1 मीटर भुजा वाली वर्गाकार फूलों की 5 क्यारियाँ बनाई जाती हैं। भूखंड के शेष भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(M617)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 11

बीजगणित

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 2x में चर क्या है ?

   क) 2 ख) 2x ग) x घ) 1

2. अक्षर T का तीलियों से प्रतिरूप बनाने के लिए 2 तीलियों की आवश्यकता होती है । 4 T के लिए कितनी तीलियों की आवश्यकता होगी ?

   क) 2 ख) 4 ग) 5 घ) 8

3. x + 2 = 0, में x का मान है – **(M607)**

   क) 1 ख) 2 ग) –2 घ) –1

4. P को 7 से गुणा करने पर क्या प्राप्त होता है ? **(M607)**

   क) P ख) 7 ग) 7P घ) $7P^2$

5. 2m में 7 जोड़ने पर क्या प्राप्त होता है ? **(M607)**

   क) 2m ख) 2m + 7 ग) 7 – 2m घ) 2m–7

6. आज राधा की आयु 5 वर्ष है, 3 वर्ष पहले उसकी आयु क्या थी ?

   क) 5 ख) 4 ग) 3 घ) 2

7. राम की वर्तमान आयु x वर्ष है, 10 वर्ष बाद उसकी आयु क्या होगी ? **(M607)**

   क) x + 5 ख) x + 10 ग) 10x घ) x– 10

8. सरिता के पास अमीना से 15 कंचे अधिक हैं। यदि अमीना के पास x कंचे है तो सरिता के पास कितने कंचे हैं ? **(M607)**

   क) x ख) 15 ग) x + 15 घ) 15 –x

9. x– 5 = 0 में x का मान क्या है ? **(M607)**

   क) 0 ख) 5 ग) x घ) –5

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 2 को x से गुणा करने पर _____ प्राप्त होता है। **(M607)**
2. 2m को 0 से गुणा करने पर _____ प्राप्त होता है। **(M607)**
3. अक्षर U का तीलियों से प्रतिरूप बनाने के लिए तीलियों की संख्या _____ होती है।
4. क्रमविनिमियता (योग) के अनुसार a + b = _____
5. यदि आयत की लम्बाई 'a' मीटर और चौड़ाई 'b' मीटर है तो आयत का परिमाप _____ है। **(M607)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

6. y के 5 गुने में 3 जोड़ने पर _____ प्राप्त होता है। **(M607)**

7. x के 9 गुने में से 10 घटाने पर _____प्राप्त होता है। **(M607)**

8. y + 5 में चर _____ है।

9. 3x - 2 में अचर _____ है।

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. किसी भी चर को दर्शाने के लिए केवल 'x' का प्रयोग किया जाता है।
2. जब हम आकृतियों तथा आकारों का अध्ययन करते हैं तो उसे गणितीय ज्यामिति कहते हैं।
3. यदि एक 'N' बनाने के लिए 3 तीलियों की जरूरत होती है तो ऐसे ही '4N' बनाने के लिए 7 तीलियाँ चाहिए।
4. चर का मान स्थिर नहीं होता है।
5. अक्षर 'Z' का प्रतिरूप बनाने के लिए हमें 4 तीलियों की आवश्यकता होगी।
6. यदि x – 3 = 10 है तो x = 7 होगा।

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.

क) 'N' का प्रतिरूप बनाने के लिए	i) 5 तीलियाँ
ख) 9–3 = X	ii) X = – 6
ग) X + 3 = – 3	iii) X = 6
घ) E का प्रतिरूप बनाने के लिए	iv) 3 तीलियाँ

2.

क) t –7	i) q को –5 से गुणा करने पर
ख) $\frac{x}{3}$	ii) y को 5 से गुणा करने पर
ग) 5y	iii) t में से 7 घटाने पर
घ) –5q	iv) x को 3 से भाग करने पर **(M607)**


अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित स्थितियों के लिए व्यंजक दीजिए : **(M607)**
   क) P में 7 जोड़ना
   ख) –m में से 7 घटाना
   ग) P को –5 से गुणा करना
   घ) P को –7 से भाग देना
2. समीकरण m + 15 = 21 का हल ज्ञात कीजिए। **(M607)**
3. व्यंजक किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।

docs.aglasem.com
aglasem.com

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. माँ ने लड्डू बनाए हैं। उन्होंने कुछ लड्डू मेहमानों और परिवार के सदस्यों को दिए, फिर भी 5 लड्डू शेष रह गए हैं। यदि माँ ने x लड्डू दिए हों, तो उसने कुल कितने लड्डू बनाए थे ? **(M607)**
2. साहचार्य गुण का उपयोग करते हुए संख्याओं 14, 27 और 13 का योग ज्ञात कीजिए।
3. एक समबाहु त्रिभुज की भुजा को 'x' से दर्शाया जाता है। इस समबाहु त्रिभुज के परिमाप को 'x' का प्रयोग करते हुए व्यक्त कीजिए। **(M607)**
4. वृत का व्यास वह रेखाखण्ड है जो वृत पर स्थित दो बिंदुओं को जोड़ता है और उसके केंद्र से होकर जाता है। संलग्न आकृति में, AB वृत का व्यास है और C उसका केंद्र है। वृत के व्यास (d) को उसकी त्रिज्या (r) के पदों में व्यक्त कीजिए। **(M607)**



5. आयत की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 5m अधिक है। यदि आयत की चौड़ाई x m हो तो आयत का परिमाप क्या होगा ? **(M607)**
6. मैं एक विशिष्ट संख्या हूँ, मुझमें से एक छ: निकालिए और क्रिकेट की एक टीम बनाइए। **(M607)**
7. सारिणी को पूरा कीजिए और समीकरण $m - 7 = 1$ का हल ज्ञात कीजिए।

m	5	6	7	8
m – 7	——	——	——	——

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. यदि नीतू की वर्तमान आयु 'y' वर्ष है तो निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(M607)**
   - क) आज से 10 वर्ष बाद उसकी आयु क्या होगी ?
   - ख) 5 वर्ष पहले उसकी आयु क्या थी ?
   - ग) नीतू के दादा जी की आयु उसकी आयु की 6 गुनी है। उसके दादाजी की आयु क्या है ?
   - घ) उसकी दादी जी, दादा जी से 2 वर्ष छोटी हैं। दादी जी की आयु क्या है ?
2. एक आयताकार हॉल की लम्बाई उसकी चौड़ाई के तिगुने से 5 मीटर कम है। यदि चौड़ाई 'y' मीटर, तो उसका परिमाप व क्षेत्रफल क्या होगा ? **(M607)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 12

अनुपात और समानुपात

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 50 पैसे का ₹ 1 से अनुपात है – **(M608)**

   क) 50 : 1 ख) 1:50 ग) 1:2 घ) 2:3

2. 8 घंटे का एक दिन से अनुपात है – **(M608)**

   क) 1:2 ख) 1:3 ग) 1:4 घ) 2:5

3. 20 लड़कों का 25 लड़कियों से अनुपात है – **(M608)**

   क) 2:5 ख) 3:5 ग) 4:5 घ) 5:4

4. $\frac{20}{400}$ का अनुपात क्या है ? **(M608)**

   क) 1:10 ख) 1:20 ग) 2:4 घ) 20:40

5. 1 लीटर में कितने मिलिलीटर होते हैं ?

   क) 10 ख) 100 ग) 1000 घ) 10000

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. ____ तुलना का एक रूप होता है।
2. 20m : 70m = 8Kg : _____ **(M608)**
3. यदि दो अनुपात बराबर हो तो वे ____ में है।
4. दो राशियों का अनुपात ज्ञात करने के लिए उन्हें ____ इकाइयों में व्यक्त करना चाहिए।
5. 5 पैसे का 25 पैसे से वही अनुपात है जो 20 पैसे का ____ से है। **(M608)**

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 10 लड़कियों और 5 लड़कों का अनुपात 1:2 है। **(M608)**
2. 3L, 30,000 mL के बराबर होता है।
3. 16:24 :: 20:30 है। **(M608)**
4. 32 m : 64 m = 6 सेकंड : 12 सेकंड। **(M608)**
5. X और 2 का अनुपात X : 2 है। **(M608)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

अनुपात के संदर्भ में मिलान करें -


1.	81 और 108	i) 1 :4	
2.	30 मिनट और 45 मिनट	ii) 2:5	
3.	22 कि.मी. और 55 कि.मी.	iii) 2:3	
4.	50 से.मी. और 2 मी.	iv) 3:4	**(M608)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. ₹ 450 को राम और मोहन में 5:4 में बांटा जाए तो प्रत्येक का हिस्सा कितना होगा ? **(M608)**
2. हल करें :- 8:14 ::16 :X **(M608)**
3. यदि अनुपात 9:7 के दोनों पक्षों में से तीन घटा दिए जाए तो नया अनुपात क्या होगा ? **(M608)**
4. 8,12 का तीसरा अनुपात क्या होगा ?
5. दो संख्याओं का योग 60 और अंतर 6 है। संख्याओं का अनुपात क्या होगा ? **(M608)**
6. यदि A:B:C =2:3:4 है तो $\frac{A}{B}:\frac{B}{C}:\frac{C}{A}$ किसके बराबर है ?
7. एक मेज का अंकित मूल्य ₹ 625 है तथा इसका विक्रय मूल्य ₹ 500 है। विक्रय मूल्य का अंकित मूल्य के साथ अनुपात क्या है ? **(M608)**
8. 10:21 और 21:93 में कौन-सा अनुपात बड़ा है ?

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. कक्षा छठी में 20 लड़के और 40 लड़कियाँ हैं, लडकों की संख्या का लड़कियों की संख्या से अनुपात क्या होगा ? **(M608)**
2. एक टॉफ़ी का मूल्य 50 पैसे है और एक चाकलेट का मूल्य दो रूपए है। टॉफ़ी के मूल्य का चाकलेट के मूल्य से अनुपात ज्ञात कीजिए। **(M608)**
3. 6:4 के दो तुल्य अनुपात लिखिए। **(M608)**
4. आकृति को देखकर अनुपात निकालिए : **(M608)**



क) आयात के अन्दर के सभी त्रिभुजों की संख्या का वृतों की संख्या से

ख) आयत के अंदर के सभी वर्गों की संख्या का सभी आकृतियों से

ग) आयत के अंदर के सभी वृतों का सभी आकृतियों से।

docs.aglasem.com

aglasem.com

5. राजेश और अशोक के बीच 120 पेनों को 3:2 में बाँटिए। **(M608)**

6. क्या 15 : 45 और 40 : 120 अनुपात, समानुपात में है ? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए।

7. दो वर्गों की भुजाओं का अनुपात 2:5 है, उनके क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात करें। **(M608)**

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. एक दर्जन कॉपियों का मूल्य ₹ 108 है, तो 11 कापियों का मूल्य ज्ञात कीजिए। **(M609)**

2. यदि 7 मीटर कपड़े का मूल्य ₹ 294 हो तो 5 मीटर कपड़े का मूल्य ज्ञात कीजिए। **(M609)**

3. 5 कि.ग्रा. गेहूँ का मूल्य ₹ 105 है तो 441 रुपए में कितना गेहूँ ख़रीदा जा सकता है ? **(M609)**

4. सीता तीन महीने का किराया ₹ 7500 देती है। उसे पूरे वर्ष का किराया कितना देना होगा यदि वर्ष भर किराया समान रहे। **(M609)**

5. 4 दर्जन केलों का मूल्य ₹ 60 है। ₹ 120 में कितने केले ख़रीदे जा सकते हैं ? **(M609)**

6. गाड़ी 1 लीटर पेट्रोल में 10 कि.मी. चलती है तो 5 लीटर पेट्रोल में कितने कि.मी. चलेगी ? **(M609)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय 13

सममिति

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. समबाहु त्रिभुज की कितनी सममित रेखाएँ होती हैं ? **(M612)**

   क) 2 ख) 3 ग) 4 घ) 5

2. सममित रेखाओं की संख्या क्या है ? **(M612)**



   क) 4 ख) 5 ग) 6 घ) 7

3. आयत की सममित रेखाओं की संख्या क्या है ? **(M612)**

   क) 1 ख) 2 ग) 3 घ) 4

4. वृत्त की सममित रेखाओं की संख्या क्या है ? **(M612)**

   क) 2 ख) 4 ग) 5 घ) असंख्य

5. अंग्रेजी के अक्षर A की सममित रेखाओं की संख्या क्या है ?

   क) 1 ख) 2 ग) 3 घ) 4

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. वर्ग की _____ सममित रेखाएँ होती हैं। **(M612)**
2. अर्धवृत की _____ सममित रेखाएँ होती हैं। **(M612)**
3.  की _____ सममित रेखाएँ है।

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. एक पतंग में दो सममित रेखाएँ होती हैं। **(M612)**
2. एक समांतर चतर्भुज में कोई सममित रेखा नहीं है। **(M612)**
3. यदि एक आयात की दो से अधिक सममित रेखाएँ हैं तो वह एक वर्ग होगा। **(M612)**
4. यदि एक त्रिभुज में एक से अधिक सममित रेखाएँ हो तो इसका समबाहु त्रिभुज होना आवश्यक है। **(M612)**
5. एक 45°–45°–90° डिग्री के सेट-स्क्वेयर और एक चांदे में सममित रेखाओं की संख्या बराबर है। **(M612)**

docs.aglasem.com

aglasem.com

6. एक वृत्त की केवल 16 सममित रेखाएँ बनती हैं। **(M612)**



7. एक वर्ग और एक आयत में सममित रेखाओं की संख्या बराबर है। **(M612)**

8. एक समअष्टभुज में 10 सममित रेखाएँ होती हैं। **(M612)**

9. एक विषमबाहु त्रिभुज में 0 सममित रेखाएँ होती हैं। **(M612)**


मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.

	आकृति	सममित रेखाओं की संख्या
I)		क) 1
II)		ख) 2
III)		ग) 3
IV)		घ) 6 **(M612)**

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दी गई आकृति में कौन सी दर्पण रेखा अर्थात सममित रेखा है, l_1 या l_2 ? **(M612)**



2. ऐसे त्रिभुज का नाम लिखो जिसमें : - **(M612)**

   क) केवल एक ही सममित रेखा हो

   ख) केवल तीन सममित रेखाएँ हो।

3. निम्नलिखित आकृतियाँ बनाकर सममित रेखाएँ खींचिए: - **(M612)**

   क) आयत ख) वृत्त

   ग) समचतुर्भुज घ) समद्विबाहु त्रिभुज

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दिए गए अंग्रेजी शब्द MATHEMATICS में वह कौन सा अक्षर है जिसमे कोई सममित रेखा न हो, रेखांकित करके बताएँ। **(M612)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

2. नीचे दी गई आकृतियों में सममित रेखाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। आप अपने उत्तर की जाँच कैसे करेंगे ? **(M612)**


(a)  (b)  (c) 

(d)  (e)  (f) 


3. सममित रेखा किसे कहते हैं उदाहरण सहित बताएँ।

4. ज्यामिति बॉक्स में दिए गए उपकरणों में वह उपकरण कौन से है जिनमे कोई भी सममित रेखा नहीं बनती हो। आकृति बनाकर सपष्ट करें ? **(M612)**

5. क्या नीचे दी गयी आकृति में कोई सममित रेखा है ? अगर हाँ, तो सममित रेखा को आकृति में दर्शाएँ। **(M612)**




6. क्या नीचे दी गई आकृति में कोई सममित रेखा है ? अगर हाँ, तो आकृति में सममित रेखा भी बनाएँ। **(M612)**



7. घर में प्रयोग की जाने वाली किन्ही 4 वस्तुओं के नाम लिखो व उनकी सममित रेखा भी बताएँ। **(M612)**

8. दी गई आकृति को इस तरह पूरा करो की वह सममित रेखा हो जाए। **(M612)**



दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. दी गई आकृतियों की सममित रेखाओं को दर्शाएँ - **(M612)**



2. सममिति का हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोग होता है ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

3. अंग्रेजी के A से Z तक के सभी क्षैतिज सममित रेखाओं वाली आकृति सहित बताएँ। **(M612)**

4. रसोई घर में प्रयोग होने वाली ऐसी 5 वस्तुओं को आकृति सहित बताएँ जिसमें 2 सममित रेखा बनती हो। **(M612)**

5. दो या दो से अधिक सेट-स्क्वेयर लेकर आप कितनी आकृतियां बना सकते हैं। उन आकृतियों के चित्र बनाकर नाम लिखें।

6. यदि आप दर्पण के सामने 100 cm की दूरी पर है तो आपका प्रतिविंब कहाँ होना चाहिए ? यदि आप दर्पण की ओर चलते हैं तो आपका प्रतिविंब किस प्रकार चलता है ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय 14

प्रायोगिक ज्यामिति

बहुविकल्पीय प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. रूलर का प्रयोग किस लिए किया जाता है ?
   क) कोण मापने के लिए ख) रेखाखण्ड खींचने के लिए
   ग) वृत्त खींचने के लिए घ) समद्विभाजन करने के लिए
2. वृत्त का व्यास 10 से.मी. है, इसकी त्रिज्या कितनी होगी ?
   क) 3 से.मी. ख) 4 से.मी. ग) 5 से.मी. घ) 10 से.मी.
3. 6 से.मी. का एक रेखाखण्ड खींचिए, जिसे 3 से.मी. से शुरू किया जाए तो वह कहाँ तक समाप्त होगा ?
   क) 6 से.मी. ख) 7 से.मी. ग) 8 से.मी. घ) 9 से.मी.
4. समकोण का समद्विभाजक कोण क्या है ? **(M611)**
   क) 30° ख) 45° ग) 60° घ) 90°
5. 75° के कोण का दुगुना कोण कौन सा है ? **(M611)**
   क) 75° ख) 130° ग) 140° घ) 150°

रिक्त स्थान भरें: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 3 से.मी. त्रिज्या वाले वृत्त का व्यास _____ है।
2. 90° के कोण को _____ कहते है।
3. चाँदे का प्रयोग _____ के लिए किया जाता है।
4. 120° के कोण का समद्विभाजक कोण _____ है। **(M611)**
5. 30° के कोण का तिगुना कोण _____ है।

सही या गलत: - **सीखने के प्रतिफल**

1. 12 से.मी. व्यास की त्रिज्या 5 से.मी. है।
2. परकार का प्रयोग कोण मापने के लिए किया जाता है।
3. 25° के कोण का चार गुणा 100° है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

मिलान करें: - **सीखने के प्रतिफल**

1.	वृत्त को हम किसकी सहायता से बनाते हैं ?	i) रेखाखण्ड
2.	चाँदे पर कितने डिग्री तक के कोण अंकित होते हैं ?	ii) लम्बाई की तुलना करने के लिए
3.	किसी रेखा पर दो बिन्दुओं के बीच की न्यूनतम दूरी को क्या कहते हैं ?	iii) परकार
4.	डिवाइडर का प्रयोग किया जाता है।	iv) 180^0

अति लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 3.2 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए ?
2. एक ही केंद्र 'o' लेकर 5 cm और 2.5 cm त्रिज्या वाले दो वृत्त खींचिए।
3. रूलर का प्रयोगं करके 7.3 cm लंबाई का एक रेखा खण्ड खींचिए।
4. कोई रेखा खण्ड PQ खींचिए, बिना मापे हुए PQ के बराबर एक रेखा खण्ड की रचना कीजिए।
5. रूलर की सहायता से 5 से.मी. का एक रेखाखण्ड खींचिए जो रूलर के 2 से.मी. से शुरू हो। यह रुलर में कितने सेमी तक जाएगा ?

लघु प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 7.8 से.मी. व्यास का एक वृत्त खींचिए और इस वृत में व्यास तथा त्रिज्या दर्शाएं।
2. 12.6 से.मी. लम्बाई का रेखाखण्ड AB खींचिए इसमें से AC = 5.6 से.मी. काटिए और BC की लम्बाई मापिए।
3. 9.5 से.मी. लम्बाई का रेखाखण्ड खींचिए और उसका लम्ब समद्विभाजक खींचिए।
4. रूलर और परकार की सहायता से निम्न कोण बनाइए –
   60°, 30°, 90°, 120°, 45°, 135°
5. एक समकोण खींचिए और उसका समद्विभाजक खींचिए।
6. 60° के कोण के दुगुना कोण खींचिए।
7. चाँदे की सहायता से निम्न कोण बनाइए –
   70°, 100°, 40°, 130°, 160°
8. 4 से.मी. त्रिज्या का एक वृत्त बनाइए। इसकी कोई दो जीवाएँ दर्शाएँ व इनके नाम लिखिए।

दीर्घ प्रश्न : - **सीखने के प्रतिफल**

1. 4 cm त्रिज्या का एक वृत्त बनाकर उसकी कोई दो जीवाएँ दर्शाएँ और इन दोनों जीवाओं के लंब समद्विभाजक खींचिए। यह कहाँ मिलते है ?
2. 147° माप वाला एक कोण बनाइए और इसका समद्विभाजक खींचिए ?
3. रूलर और परकार की सहायता से निम्न कोणों की रचना कीजिए -
   क) 60° ख) 120° ग) 135°

docs.aglasem.com
aglasem.com

मौखिक आकलन व असाइनमेंट

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय – 1
अपनी संख्याओं की जानकारी

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. 9919 और 9849 में कौन बड़ा है?
2. 9, 5 और 7 से बनने वाली तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या क्या होगी ?
3. पांच अंकों की सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या बताएँ।
4. 1 किलो मीटर में कितने मीटर होते हैं ?
5. कितने ग्राम से 1 किलोग्राम बनता है ?
6. 279453 संख्या को पढ़िए।
7. 1 ₹ में कितने पैसे होते हैं ?

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. अपने घर में किसी बड़े के साथ चर्चा कर के ₹10,000 के लिए अपने घर की खाद्य सामग्री का अनुमानित मासिक बजट तैयार करें। खाद्य सामग्री की सूची बनाएँ और अपनी स्क्रैप बुक में लिखें। **(M601)**
2. अपने घर में किसी बड़े के साथ चर्चा करके ऐसी पाँच स्थितियों के बारे में विस्तार में लिखिए जहाँ पर हम बड़ी संख्याओं का प्रयोग करते हैं।
3. दिए गए अंकों 0, 1, 5, 6, 3 की सहायता से 5 अंकों की अधिक से अधिक कितनी संख्याएँ बनाई जा सकती हैं ?

अध्याय – 2
पूर्ण संख्याएँ

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. 25 का पूर्ववर्ती संख्या क्या होगी ?
2. 46 की परवर्ती संख्या क्या होगी ?
3. क्या सभी प्राकृत संख्याएँ पूर्ण संख्याएँ होती हैं ?
4. क्या सभी पूर्ण संख्याएँ प्राकृत संख्याएँ होती हैं ?
5. सबसे छोटी प्राकृत और पूर्ण संख्या कौन-सी है ?
6. किसी संख्या को शून्य से भाग देने पर क्या प्राप्त होता है ?

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. एक प्रोजेक्ट बनाएँ जिसमें एक संख्या रेखा का निर्माण करें जिस पर केवल पूर्ण संख्याएँ निरूपित की गई हों। संख्या रेखा पर पूर्ण संख्याओं का योग, व्यवकलन और गुणन गिट्टियों की सहायता से करें। **(M602)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय – 3
संख्याओं के साथ खेलना

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. 5 के पांच गुणज क्या होंगे ?
2. भाज्य और अभाज्य संख्याओं में क्या अंतर है ?
3. अभाज्य संख्याओं के कितने गुणज होते हैं ?
4. पहली 5 अभाज्य संख्याएँ बताएँ ?
5. सम और विषम संख्याओं में क्या अंतर होता है ?
6. 1 से 10 तक की विषम संख्याएँ बताएँ।
7. 20 से 30 तक की सम संख्याएँ बताएँ।
8. क्या सभी अभाज्य संख्याएँ विषम होती हैं ?
9. सबसे छोटी सह-अभाज्य संख्या बताओ।

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. एक से सौ तक की संख्याओं की सारणी बनाएँ और उनमें से प्राकृत, पूर्ण, सम, विषम, भाज्य और अभाज्य संख्याओं की पहचान करें और उनकी विशेषता बताएँ। इसकी सूची स्क्रैप बुक में बनाएँ और विस्तृत विवरण दें। **(M602)**

अध्याय – 4
आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएं

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. बिंदु से आप क्या समझते हैं ?
2. रेखाखण्ड किसे कहते हैं ?
3. रेखा और रेखाखण्ड में क्या अंतर है ?
4. किरण और रेखा में क्या अंतर है ?
5. वक्र रेखाएँ कौन-सी होती हैं ?
6. कोण किसे कहते हैं ?
7. त्रिभुज से आप क्या समझते हैं ?
8. चतुर्भुज से आप क्या समझते हैं ?
9. वृत के विभिन्न भागों के नाम बताएँ।
10. सरल वक्र व बन्द वक्र में क्या अंतर है ?
11. विकर्ण किसे कहते हैं ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. बिंदु, रेखा, रेखाखण्ड, किरण, कोण, बहुभुजों और वृत्त की आकृतियों से चार्ट पर एक कोलाज बनाएँ और प्रत्येक आकृति का नाम और विशेषताएँ बताएँ। दैनिक जीवन में इन आकृतियों के उपयोग के बारे में भी बताएँ। **(M610)**

अध्याय – 5
प्रारंभिक आकारों को समझना

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल

1. घड़ी की सुइयाँ 12 बजे कितने अंश का कोण बनाती हैं ? **(M611)**
2. जब घड़ी में तीन बजते हैं तो कितने अंश का कोण बनता है ? **(M611)**
3. प्रतिवर्ती कोण किसे कहते हैं ? **(M611)**
4. कोण को हम किसकी सहायता से मापते हैं ?
5. समबाहु त्रिभुज में किसी एक कोण का माप क्या होगा ? **(M613)**
6. त्रिभुज के तीनों कोणों का योग कितना होता है ? **(M613)**
7. विषमबाहु त्रिभुज के गुण क्या होते हैं ? **(M613)**
8. वर्ग और आयत में क्या अंतर है ? **(M614)**
9. समानांतर चतुर्भुज के गुण क्या होते हैं ? **(M614)**
10. चतुर्भुज के चारों कोणों का योग कितना होता है ? **(M614)**
11. त्रिविमीय (3D) आकृतियों के दो उदहारण दीजिए। **(M615)**

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. कोणों के प्रकार को दर्शाने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार कीजिए और कक्षा में उसका प्रस्तुतिकरण कीजिए। दैनिक जीवन में उपयोग भी बताएँ। **(M611)**
2. त्रिभुज के प्रकारों को दर्शाने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार कीजिए और कक्षा में उसका प्रस्तुतिकरण कीजिए। दैनिक जीवन में उपयोग भी बताएँ। **(M613)**
3. अपने घर में व्यर्थ पड़े सामान में से 2D और 3D वस्तुओं की पहचान कीजिए और उनका प्रस्तुतिकरण कीजिए। दैनिक जीवन में उपयोग भी बताएँ। **(M612 & M615)**
4. सेट-स्क्वेयर की सहायता से आयत, वर्ग, समलंब, समचतुर्भुज और समांतर चतुर्भुज बनाइए। **(M614)**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय – 6
पूर्णांक

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. शून्य से छोटी संख्याओं को क्या कहते हैं ?
2. शून्य से बड़ी संख्याओं को क्या कहते हैं ?
3. क्या 5 एक पूर्णांक है ?
4. क्या -7 एक पूर्णांक है ?
5. -15 + 10 को हल करने पर हमें कौन सा पूर्णांक प्राप्त होगा ?

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. एक संख्या रेखा बनाइए और उस पर पूर्णांकों को निरूपित कीजिए। कक्षा में पूर्णांकों का जोड़ व् घटाव संख्या रेखा की सहायता से प्रदर्शित करें। **(M604)**

.....

अध्याय – 7
भिन्न

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. $\frac{5}{7}$ में हर क्या है ?
2. एक दर्जन का $\frac{1}{6}$ भाग क्या है ?
3. जब अंश हर से बड़ा होता है तो कौन-सी भिन्न कहलाती है ?
4. एक दिन में कितने घण्टे होते हैं ?
5. $\frac{1}{2}$ की अगली तुल्य भिन्न कौन सी होगी ?

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. कक्षा में उपस्थित लड़कों और लड़कियों की संख्या को 5 दिन तक लगातार नोट करें तथा कुल विद्यार्थी में से इन संख्याओं को भिन्न के रूप में लिखें। अब इन भिन्नों का जमा, घटाव, गुणा और भाग कीजिए। इस जानकारी को स्क्रैप शीट में विस्तृत रूप से लिखें। **(M606)**
2. दी गई निम्न भिन्नों का एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें और भिन्न को छांयाकित करें - **(M605)**

   क) $\frac{3}{8}$ ख) $\frac{4}{6}$ ग) $\frac{1}{4}$ घ) $\frac{2}{6}$

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय – 8
दशमलव

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल

1. 7 दशांश का दशमलव रूप क्या है ? **(M605)**
2. 1000 ग्राम से कितने किलो ग्राम बनते हैं ?
3. शतांश किसे कहते हैं ?
4. $\frac{5}{100}$ का दशमलव रूप क्या है ? **(M605)**
5. $\frac{3}{8}$ का लघुतम रूप क्या है ?

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. अपनी कक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या को लगातार 15 दिन तक नोट करें और फिर कुल विद्यार्थियों में से उन्हें अलग-अलग भिन्न, दशमलव और प्रतिशत के रूप में लिखें। इस जानकारी को स्क्रैप शीट में विस्तृत रूप से लिखें। **(M606)**

.....

अध्याय – 9
आंकड़ों का प्रबंधन

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल

1. आँकड़ों की परिभाषा दीजिए।
2. चित्रालेख किसे कहते हैं ?
3. दण्ड आलेख किसे कहते हैं ? इसकी आवश्यकता कब पड़ती है ?
4. मिलान चिह्न का सारणी में क्या प्रयोग है ?

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें इसमें बच्चे स्कूल से घर लौटने के बाद अपने गाँव में जा कर 30 किसानों से पूछें कि गोभी, आलू, गाजर, मटर और टमाटर में से आप कौन-कौन सी सब्जियाँ बेचते हैं। इस जानकारी का प्रयोग करके एक दंड आलेख बनाइए। 1 इकाई लम्बाई = 5 किसान के बराबर लें। **(M618)**
2. अपने आसपास के 5 जीव जंतुओं की सूची बनाएँ और मिलान चिह्न की सहायता से एक सारणी बनाएँ। इस जानकारी को चार्ट में विस्तृत रूप से लिखें। **(M618)**
3. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें इसमें बच्चे अपने सहपाठियों से उनके परिवार के सदस्यों की संख्या से संबन्धित सूचना एकत्रित कर नीचे दिए गए बिंदुओं को ध्यान में रखकर सारणी बनाएँ। **(M618)**
   क) परिवार के सदस्यों की संख्या ख) मिलान चिह्न
   ग) सहपाठी का नाम

docs.aglasem.com
aglasem.com

ज्ञात करें -

i) किसके परिवार के सदस्यों की संख्या न्यूनतम है ?

ii) किसके परिवार के सदस्यों की संख्या अधिकतम है ?

iii) किसके परिवार के सदस्यों की संख्या बराबर है ?

4. प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें इसमें बच्चे स्कूल से घर लौटते समय अपने आस-पास के 10 दुकानदारों से पूछें कि आप आलू, टमाटर, गोभी, मटर और गाजर में से कौन सी सब्जियां किस-किस भाव में बेचते हैं। इनकी जानकारी का प्रयोग करते हुए दण्ड आलेख बनाइए। 1 इकाई का भाव = ₹5 बराबर लें। **(M618)**

.....

अध्याय – 10
क्षेत्रमिति

मौखिक आकलन	**सीखने के प्रतिफल**

1. परिमाप से आप क्या समझते हैं ?
2. किसी खेत के चारों ओर कांटेदार तार लगाने के लिए हमें कितनी तार की जरूरत पड़ेगी ? यह ज्ञात करने के लिए हमें खेत का क्या निकालना पड़ेगा ? **(M617)**
3. वर्ग का परिमाप क्या होता है ?
4. समबाहु त्रिभुज का परिमाप क्या होता है ?
5. क्षेत्रफल से आप क्या समझते हैं ?
6. आयत का क्षेत्रफल क्या होता है ?
7. किसी कमरे के फर्श पर टाइल लगाने के लिए कितनी टाइलों की आवश्यकता पड़ेगी यह जानने के लिए हमें फर्श का क्या निकालना होगा ? **(M617)**

असाइनमेंट	**सीखने के प्रतिफल**

1. कक्षा या घर में मौजूद 10 आयताकार वस्तुओं का परिमाप व् क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए और इन वस्तुओं की आकृतियों को चार्ट में बनाएँ और दैनिक जीवन में इनका उपयोग भी बताएँ। **(M617)**
2. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें जिसमें एक वर्ग बनाएँ। इस वर्ग का धागे की सहायता से परिमाप और ग्राफ पेपर की सहायता से क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ज्ञात परिमाप व क्षेत्रफल का सूत्र की सहायता से सत्यापन करें। **(M617)**

.....

अध्याय – 11
बीजगणित

मौखिक आकलन	**सीखने के प्रतिफल**

1. चर किसे कहते हैं ?
2. क्या चर का मान निश्चित होता है ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

3. व्यंजक क्या है ?

4. 3 को x से गुणा करने पर क्या प्राप्त होगा ?

5. अंग्रेजी के अक्षर V का प्रतिरूप बनाने के लिए कितनी तीलियाँ चाहिए ?

6. 4 में से x घटाने पर व्यंजक क्या होगा ? **(M607)**

7. मेरी वर्तमान आयु y वर्ष है, 10 वर्ष पश्चात मेरी आयु क्या होगी ? **(M607)**

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें जिसमें माचिस का एक बॉक्स लीजिए और तीलियों से निम्नलिखित आकृतियाँ बनाइए।

   क) अंग्रेजी के अक्षरों के प्रतिरूप बनाइए जिनमें दो तीलियों का प्रयोग होगा।

   ख) अंग्रेजी के अक्षरों के प्रतिरूप तीलियों का प्रयोग करके एक चार्ट पेपर पर बनाइए।

   ग) माचिस की तीलियों की सहायता से निम्न आकृतियाँ बनाइए और बताइए कि प्रत्येक आकृति में कितनी तीलियाँ प्रयोग की गई ?

   i) वर्ग ii) आयत iii) समपंचभुज

   घ) सात प्रकार की अलग-अलग लम्बाई की तीलियाँ लीजिए और उन तीलियों की सहायता से आकृति बनाइए। क्या यह आकृति कोई समबहुभुज बनेगी या नहीं ?

अध्याय – 12
अनुपात और समानुपात

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. 5 का 3 से अनुपात लिखिए।

2. ईशा का वजन 10 कि. ग्रा. और उसके पिता का 60 कि. ग्रा. है। पिता के वजन का पुत्री के वजन से अनुपात क्या होगा ? **(M608)**

3. $\frac{3}{4}$ को अनुपात में लिखिए।

4. 2:3 में अनुपात के दो हिस्सों का योग कितना है ?

5. 20 लड़के और 25 लड़कियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। **(M608)**

6. समानुपात का चिह्न क्या है ?

7. क्या 1:5 व 3:15 समानुपात में है ?

8. क्या 5 से.मी. : 10 से.मी. और ₹20 : ₹40, समानुपात में हैं या नहीं ? **(M608)**

9. समानुपात में मध्य पद किसे कहते हैं ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. एक चार्ट पेपर पर 3 त्रिभुजें और 3 वृत बनाइए। इन आकृतियों में एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं के योग से एक वृत की त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। क्रमशः अन्य 2 त्रिभुजों और 2 वृतों का भी इसी तरह अनुपात निकालें और एक सारणी बनाएँ। **(M608)**

2. दो पेपर शीट लिजिए। इसमें पहली शीट के ऊपर चार फूल और तीन पत्तियाँ बनाइए। दूसरी शीट पर दो आम और तीन सेब बनाइए। शीटों पर बनाए गए चित्रों को अनुपात में दिखाएँ और बताएँ कि यह समानुपात में हैं या नहीं। दैनिक जीवन में इनका उपयोग भी बताएँ। **(M608)**

.....

अध्याय – 13
सममिति

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल

1. वर्ग में कितनी सममित रेखाएँ होती है ? **(M612)**
2. ऐसी त्रिभुज का नाम बताएँ जिसमें कोई भी सममिति रेखा न हो। **(M612)**
3. आयत की कितनी सममित रेखांएँ होती हैं ? **(M612)**
4. ऐसी त्रिभुज का नाम बताएँ, जिसमें तीन सममित रेखाएँ हों। **(M612)**
5. हमारे दैनिक जीवन में सममिति का उपयोग कहाँ होता है ?

असाइनमेंट	सीखने के प्रतिफल

1. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें, जिसमें ज्यामिति की कुछ अलग-अलग आकृतियाँ जैसे आयत, वर्ग, त्रिभुज इत्यादि बनाएँ। अब इन सब आकृतियों में कितनी सममित रेखाएँ हैं, सारणी बनाएँ। **(M612)**
2. समबाहु त्रिभुज, विषमबाहु त्रिभुज, समद्विबाहु त्रिभुज, आयत, वर्ग, वृत, समचतुर्भुज की आकृतियाँ चार्ट पर बनाकर सभी की सममिति रेखाओं की सारणी बनाएँ। **(M612)**
3. अंग्रेजी वर्णमाला A से Z तक के सभी अक्षरों पर विचार कीजिए। इनमें उन अक्षरों की सूची बनाइए जिसमें सममिति रेखाएँ हों। **(M612)**

.....

अध्याय – 14
प्रायोगिक ज्यामिति

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल

1. त्रिज्या किसे कहते हैं ?
2. कोण किसे कहते हैं ?
3. अधिक कोण किसे कहते हैं ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

4. चाँदे का प्रयोग क्या मापने के लिए किया जाता है ?

5. रूलर का प्रयोग किस लिए किया जाता है ?

असाइनमेंट **सीखने के प्रतिफल**

1. एक प्रोजेक्ट तैयार करें, जिसमें रूलर और परकार की सहायता से निम्न की रचना कीजिए।

   क) एक वृत जिसकी त्रिज्या 2.5 से.मी. हो।

   ख) एक रेखाखण्ड खींचो जिसकी लम्बाई 13.9 से.मी. हो।

   ग) 9 से.मी. रेखाखण्ड के बराबर एक अन्य रेखाखण्ड खींचिए।

   घ) 10 से.मी. के रेखाखण्ड का समद्विभाजन करें।

2. एक प्रोजेक्ट वर्क तैयार करें, जिसमें परकार और रूलर की सहायता से निम्न कोणों की रचना कीजिए। दैनिक जीवन में इन कोणों के उपयोग भी बताएँ| **(M611)**

   क) 90 डिग्री ख) 45 डिग्री ग) 60 डिग्री

   घ) 30 डिग्री ङ) 120 डिग्री

docs.aglasem.com

aglasem.com